
### मुख्यमंत्री ने सीआईआई प्रतिनिधियों से मुलाकात में दिया आश्वासन, उद्योगपतियों की हर संभव सहायता करेगी सरकार

# उद्योगों को मूलभूत ढांचा देने में मदद करेंगे: योगी

**भरोसा**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वासन दिया है कि सरकार उद्योगपतियों को इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में हर संभव मदद करेगी। उन्होंने शनिवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के प्रतिनिधियों से मुलाकात में यह बात कही। इस दौरान निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विस्तार से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री से मिले सीआईआई प्रतिनिधियों ने प्रदेश की बदली कानून-व्यवस्था और निवेश के लिए बेहतर हुए मौहाल की सराहना की। प्रतिनिधियों ने कहा कि यूपी का सिस्टम और गवर्नेंस माडल पूरी तरह बदला है। जमीन पर अब काम करना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हुआ है और परियोजनाएं समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ रही हैं।



मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को वाराणसी में बाबा विश्वनाथ की पूजा अर्चना की।

सीआईआई के अध्यक्ष राजीव मेमानी, उमाशंकर भरतिया व सुनील मिश्रा ने मुलाकात की। यूपी में ईज आफ डूइंग बिजनेस अब केवल नीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जमीन पर प्रभावी रूप से लागू हो रहा है। राज्य सरकार की सिंगल-विंडो सिस्टम सेवा निवेश मित्र पर 43 विभागों की 525 से अधिक सेवाएं उपलब्ध हैं, जहां भौतिक हस्तक्षेप के बिना समयबद्ध डिजिटल स्वीकृतियों ने प्रदेश में उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया है। प्रो-इंडस्ट्री नीति व त्वरित निर्णय क्षमता निवेश को लगातार प्रोत्साहित कर रही है।

**43** विभागों की सेवाएं निवेश मित्र पोर्टल पर मिल रही हैं

## निवेश मित्र 3.0 को जल्द लांच करेंगे

उच्चीकृत निवेश मित्र 3.0 को जल्द लांच किए जाने की तैयारी है, जिसमें एआई व चैटबाट जैसी सुविधाएं निवेश यात्रा को और आसान बनाएंगी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों के साथ इंडस्ट्रियल डवलपमेंट बढ़ाने के लिए भी चर्चा की।

## सरकार की नीतियों से यूपी का विकास

प्रतिनिधियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने के विजन में उद्यमी सहयोग करना चाह रहे हैं। सुगम व्यापार नीति लागू होने के बाद इंडस्ट्री का भरोसा और बढ़ा है। निवेश अनुकूल नीतियां व प्रोत्साहन से ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बढ़ रहा है। एक्सप्रेसवे, औद्योगिक कारिडोर, एयरपोर्ट जैसी बुनियादी सुविधाओं के तेज विकास ने यूपी के औद्योगिक इकोसिस्टम को नई मजबूती दी है।

## मुख्यमंत्री ने दिवंगत विधायक श्याम बिहारी को दी श्रद्धांजलि

**बरेली।** फरीदपुर से भाजपा विधायक प्रोफेसर डॉ. श्याम बिहारी लाल के निधन पर शोक व्यक्त करने शनिवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके आवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। विधायक प्रोफेसर डॉ. श्याम बिहारी लाल का शुक्रवार शाम को हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए शनिवार सुबह साढ़े दस बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बरेली के त्रिशूल एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट से वह सीधे पीलीभीत बाईपास पर स्थित शक्तिनगर कॉलोनी में विधायक श्याम बिहारी लाल के निवास पर पहुंचे। दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि श्याम बिहारी लाल सरल, कर्मठ और जनसेवा के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि थे।

## घाटों पर अराजकता स्वीकार्य नहीं कठोर कार्रवाई की जाए: सीएम

**वाराणसी।** घाटों पर हाल के दिनों में हुई मारपीट और अन्य घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो टूक कहा कि घाट को किसी विशेष विचारधारा से प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि घाट श्रद्धालुओं के लिए पवित्र स्थल है और वहां धरना-प्रदर्शन या अराजकता बिल्कुल स्वीकार्य नहीं होगी। सर्किट हाउस मे समीक्षा बैठक के दौरान सीएम ने पुलिस अधिकारियों से सख्त लहजे में कहा कि घाटों पर उपद्रवियों और छवि खराब करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। तकरीबन आधे घंटे की चली समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री का कानून व्यवस्था पर विशेष फोकस रहा। उन्होंने नाविकों से संवाद बढ़ाने पर जोर दिया। योगी ने वरुणा नदी के पुनरोद्धार को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के निर्देश दिए।